संपादकीय

# खुशफहमी जो घातक है

उन देशों के लिए बेशक ज्यादा मुसीबत है, जहां की सरकारें खराब हालत में अच्छी सुर्खी निकाल कर जनमत को बहकाये रखने की रणनीति पर चल रही हों।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष में भारत की अनुमानित आर्थिक वृद्धि दर को घटा दिया है। लेकिन इसमें कोई हैरत की बात नहीं है। उसने अनुमानित वैश्विक वृद्धि दर को भी घटा दिया है। लेकिन यह भी अपेक्षा के अनुरूप ही है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मीडिया में मुख्य सुर्खी आईएमएफ की यह टिप्पणी बनी कि ये बुरा दौर अभी अपने सबसे बुरे दौर में नहीं पहुंचा है। यानी आने वाले वक्त में स्थितियां और बिगड़ेंगी। मगर इन सुर्खियों से भी दुनिया में असल में जो हो रहा है, उसका अंदाजा नहीं लगता। हो दरअसल, यह रहा है कि दुनिया का आर्थिक ढांचा और दौर बदल रहा है। ग्लोबलाइजेशन की जो नीति लगभग तीन दशक पहले सारी दुनिया में अपना ली गई थी, वह अपने अंत के करीब है। जब इस नीति के सबसे बड़े पैरोकार अमेरिका ने खुद संरक्षणवादी नीतियां अपना ली हैं और खेमेबंदी में जुट गया है, तो बाकी दुनिया का भ्रम में पड़ जाना अस्वाभाविक नहीं है।

इस बीच यूक्रेन युद्ध के बाद चीन-रूस ने एक नई धुरी बनाने और को दुनिया पर डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसके झटके अगर विश्व अर्थव्यवस्था को लग रहे हों, तो इस बात को आसानी से समझा जा सकता है। इन परिघटनाओं का अंतिम परिणाम क्या होगा, इस बारे में अभी किसी के लिए कुछ कहना कठिन है। लेकिन पश्चिम की धुरी पर टिकी पुरानी व्यवस्था अब पहले के रूप में लौट आएगी, इसकी संभावना बहुत कम है। इसलिए अभी जो संकट सामने है, उससे पहले की तरह झटकों और मुश्किलों के बाद दुनिया निकल कर सामान्य स्थिति में फिर पहुंचेगी, यह उम्मीद छोड़ देनी चाहिए। अब इस परिस्थिति के बीच उन देशों के लिए बेशक ज्यादा मुसीबत है, जिनके पास अपना कोई रोडमैप नहीं है। जहां की सरकारें खराब से खराब हालत में अच्छी सुर्खी निकाल कर जनमत को बहकाये रखने की रणनीति पर चलती रही हों, वे अभी भी ऐसी कोशिश में नजर आ रही हैं। मसलन, इस चर्चा पर गौर कीजिए कि आईएमएफ ने भले भारत की वृद्धि का अनुमान गिरा दिया हो, लेकिन संभावित दर अभी भी बाकी देशों से बेहतर है! जाहिर है, ऐसी खुशफहमी और भी ज्यादा घातक है।

# भारत 2030 तक पांच लाख मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने को प्रतिबद्ध : गोयल

नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने 2030 तक 500 गीगावाट (पांच लाख मेगावाट) अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि भारत में अक्षय ऊर्जा उपकरणों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में विकसित होने की क्षमता है।

श्री गोयल यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित अक्षय ऊर्जा सम्मेलन में 'भारत को अक्षय ऊर्जा निर्माण में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने ' के विषय पर एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उनके पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा की भी जिम्मेदारी है।

श्री गोयल ने कहा कि अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भर भारत की आर्थिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। सभी के लिए शक्ति प्राप्त करने के बाद, भारत को अब सभी के लिए स्थायी शक्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने की आकांक्षा रखनी चाहिए। भारत कानून के शासन की अपनी व्यवस्था को को बनाए रखने के साथ, पारदर्शिता और स्थिर और अनुमानित नीति वातावरण पर मजबूत ध्यान देने के कारण आज निवेशकों द्वारा एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखा जाता है।

उन्होंने जोर दिया कि पुनर्चक्रमण पर आधारित ऊर्जा का आर्थिक और पारिस्थितिक मूल्य अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि कचरे पर आधारित ऊर्जा हमें शहरी कचरे के निस्तारण के लिए विशाल लैंडफिल के पर्यावरणीय खतरों से बचाव के अलावा ऊर्जा का एक स्रोत भी उपलब्ध करती है।

## विमान ईंधन पर वैट घटाएं सभी राज्य : बंसल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय सचिव राजीव बंसल ने राज्यों से एटीएफ (विमान ईंधन) पर वैट कम करने का अनुरोध किया और उन राज्यों की सराहना की जहां एटीएफ पर वैट पहले ही कम किया गया है। बंसल नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यहां आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक उड्डयन सचिवों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्देश्य नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास को बढ़ाने के लिए राज्यों के नागरिक उड्डयन विभागों और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच अधिक सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि घरेलू हवाई यातायात लगभग पूर्व-कोविड स्तर के करीब है। इस क्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, कई नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया है, नए मार्ग शुरू किए गए हैं, ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत कदम, हेलीकॉप्टर चिकित्सा आपातकालीन सेवाएं और आंशिक स्वामित्व जैसी व्यवस्थाएं शुरू हुई हैं। उन्होंने एटीएफ पर वैट घटाने वाले राज्यों की सराहना की और बाकी राज्यों से एटीएफ पर वैट कम करने का अनुरोध किया।

सम्मेलन में विभिन्न प्रकार के हवाई अड्डों के लिए भूमि की आवश्यकता की सीमा, भूमि सौंपने के लंबित मामले, वैट जैसे कराधान संबंधी मुद्दे, एफटीओ, एमआरओ आदि को बढ़ावा देने के लिए कर प्रोत्साहन तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की नागरिक उड्डयन नीतियां जैसे बुनियादी ढांचे के समर्थन जैसे विषयों पर चर्चा की गयी।

## हार के साथ समाप्त हुआ अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत का सफर

**भुवनेश्वर।** भारत को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के अपने आखिरी मैच में ब्राज़ील के हाथों 5-0 की हार का सामना करना पड़ा।



कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मैच में विजेता टीम के गोल गैब्रियेला बर्कोन (11वां मिनट), एलिने गोम्स (40वां, 51वां मिनट) और लारा डांटस (86वां, 90+2 मिनट) ने किये। भारत की ओर से कोई खिलाड़ी बॉल को नेट तक नहीं पहुंचा सका।

भारत को ग्रुप स्टेज के अपने पहले दो मुकाबलों में अमेरिका (8-0) और मोरक्को (3-0) के हाथों हार मिली थी। इस हार के साथ अंडर-17 महिला विश्व कप में मेज़बान भारत का सफ़र समाप्त हो गया है।

## जीएम हाफ मैराथन में 5000 से ज्यादा ने लिया हिस्सा

**मुंबई।** गोरेगाँव स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित जीएम हाफ मैराथन में 5000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।



मॉडल और फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन ने इसे हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और इसमें भाग भी लिया। यह जीएससी द्वारा ऑर्गेनाइज्ड मैराथन के लिए पहला रन था और जिसके लिए 'जीएम मॉड्यूलर' प्रायोजक था। इस खास मौके पर 10 हजार से ज्यादा एंट्रीज के साथ पांच हजार लोगों ने 5,10 और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में हिस्सा लिया और सुबह-सुबह अपनी जोश का प्रदर्शन किया।

जीएम हाफ मैराथन ने सभी स्पोर्ट्स लवर्स से बड़े पैमाने पर ऑनलाइन पंजीयन हासिल किया और जीवन के सभी क्षेत्रों और उम्र के नए रनर को उत्साह और जबरदस्त ऊर्जा के साथ ट्रैक पर दौड़ते देखा। साथ ही मैराथन के विजेता को इस उपलब्धि के लिए गोल्ड कॉइन से नवाजा गया।

मिलिंद सोमन ने कहा कि वह इस मैराथन का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थे और उम्मीद करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग एक मिशन के साथ जुड़ेंगे और फिटनेस बैंडवागन में शामिल होंगे।

इस मौके पर जीएम मॉड्यूलर के सीईओ और एमडी जयंत जैन ने कहा कि मैराथन ने शुरुआत के इस पहले साल में एक शानदार सफलता हासिल की और यह असल में इस आयोजन के लिए टाइटल स्पांसर के रूप में जीएम टीम के लिए बहुत गर्व का लम्हा था। हम इस आयोजन के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे और आने वाले साल में इस आयोजन को और बड़ा बनाने की उम्मीद है।

## मोहम्मद शमी का कमाल, आखिरी चार गेंदों पर गिरे चार विकेट; भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हराया



**ब्रिस्बेन।** गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हरा दिया। वहीं, कप्तान आरोन फिंच ने 54 गेंदों पर 76 रन की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में अभ्यास मैच खेला गया।

भारतीय टीम द्वारा दिए गए 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत शानदार रही। सलामी जोड़ी मिशेल मार्श और कप्तान आरोन फिंच ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए 41 रन की साझेदारी की। हालांकि, मार्श 35 के स्कोर पर आउट हो गए। गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड करते हुए वापस पवेलियन भेज दिया। वहीं, फिंच ने 54 गेंद पर 76 रन की पारी खेली, जिसमें 3 छक्के और 7 चौके शामिल हैं।

एक समय क्रीज पर ऐसा लग रहा था, जैसे ऑस्ट्रेलिया ने मैच को अपनी तरफ कर लिया है। लेकिन मोहम्मद शमी के आखिरी ओवर में चार विकेट ने भारतीय टीम के वर्ल्ड कप जीतने की उम्मीदों को और खरा कर दिया है। शमी ने आखिरी ओवर में तीन विकेट झटके, जिसमें पैट कमिंस (7), जोश (1) और केन रिचर्डशन (0) का विकेट शामिल है। एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

वहीं, भुवनेश्वर कुमार भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी 2 विकेट चटकाए, जिसमें मिशेल मार्श (35) और ग्लेन मैक्सवेल (23) का विकेट शामिल है। साथ ही अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल ने 1-1 विकेट झटके। टी20 वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ 23 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## स्कूल नेशनल ताइक्वाडो में स्वर्ण विजेता शाहरुख सम्मानित



**लखनऊ।** काउंसिल ऑफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) नेशनल स्पोर्ट्स गेम्स के अंतर्गत अहमदबाद में हुयी ताइक्वाडो की स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता शाहरुख खान को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया की ओर से सम्मानित किया गया।

के डी सिंह बाबू स्टेडियम में हुए समारोह में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी और अमेरिका से आये ताइक्वाडो के ग्रैंड मास्टर अभय सिंह राठौर समेत अन्य ने सेंट फ्रांसिस स्कूल के दसवीं के छात्र शाहरुख को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक आनंद किशोर पांडेय ने कोच परवीन अख्तर को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि शाहरुख खान ने गत 11 से 13 अक्टूबर 2022 तक अहमदाबाद में हुई ताइक्वाडो की स्पर्धा में बालक अंडर-17 आयु वर्ग के 45 से 48 किग्रा भार वर्ग में पहला स्थान हासिल किया था। उन्होंने इससे पहले सीआईएससीई स्टेट और जोनल टूर्नामेंट में भी स्वर्ण पदक जीता था।

## दृश्यम 2 का ट्रेलर रिलीज, फिर मुश्किल में फंसा विजय का परिवार

अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की फिल्म दृश्यम 2 का इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं। फिल्म 18 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के दूसरे भाग में अभिनेता अक्षय खन्ना की एंट्री हो गई है। श्रिया सरन और इशिता दत्ता भी पर्दे पर फिर नजर आएंगी। अब मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें एक बार फिर अजय का किरदार रोमांच से भरा हुआ है।




ट्रेलर में अजय का पुराना अंदाज दिखा। इसमें दिखाया गया है कि सात साल के बाद भी अजय (विजय सलगांवकर) के परिवार को परेशान किया जा रहा है। मामले की जांच फिर से शुरू हो जाती है और उनके परिवार पर फिर पुलिस का खतरा मंडराने लगता है। इसमें अजय कहते हुए दिखे कि जब तक वे जिंदा हैं, तब तक यह केस चलता रहेगा। एक सख्त पुलिस अधिकारी के किरदार में अक्षय की एंट्री ने महफिल लूट ली।

ट्रेलर में अजय और अक्षय का अभिनय देखने लायक है। अभिनेत्री तब्बू ने भी इसमें अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। श्रिया और इशिता अपने किरदारों को बखूबी दोहराते हुए नजर आईं। इसकी कहानी पहले भाग से जुड़ी हुई है।

मेकर्स ने घोषणा की थी कि जो दर्शक 2 अक्टूबर को फिल्म का टिकट बुक करेंगे, उन्हें 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मेकर्स ने यह ऑफर दिया था, ताकि फिल्म की एडवांस बुकिंग अच्छी हो। अभिषेक पाठक ने दृश्यम 2 का निर्देशन किया है।

## वरुण धवन और कृति सेनन की भेड़िया से सामने आया फर्स्ट लुक

बॉलीवड इडस्ट्री के एक्टर वरुण धवन और अभिनेत्री कृति सेनन की मच-अवेटेड मूवी भेड़िया का फर्स्ट लुक आउट हो चुका है। मूवी के फर्स्ट लुक सामने आने के उपरांत लोगों का एक्साइटमेंट बढ़ चुका है और वह मूवी के रिलीज होने की प्रतीक्षा कर रहे है। मूवी के स्टार वरुण धवन और कृति सेनन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से भेड़िया का फर्स्ट लुक शेयर किया है। इसके साथ ही फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट भी बता दी गई है।



वरुण धवन और कृति सेनन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मूवी भेड़िया का फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा कर दिया है। जिसमे आप देख सकते हैं कि वरुण धवन की आंखे बहुत खतरनाक नजर आ रही है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धनादि लाभ हो सकता है। जीवन-साथी का सहयोग मिलेगा। दस्वास्थ्य के लिए आराम करें।

***वृष :*** किसी पुराने दोस्त से मुलाक़ात आपका मन ख़ुश कर देगी। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। ग्लानि और पछतावे में वक़्त बर्बाद न करें, बल्कि ज़िन्दगी से सीखने की कोशिश करें।

***मिथुन :*** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। मीडिया फिल्ड से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***कर्क :*** आज आपको अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है। दोस्त और जीवनसाथी आपके लिए सुकून और ख़ुशी लेकर आएंगे।

***सिंह :*** आप अपने काम पर एकाग्रता बरक़रार रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है , कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है। अपने व्यक्तित्व और रंग-रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी।

***कन्या :*** आज का दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फर्माएं। आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का जज़्बा आपके जीवन-साथी को ख़ुशी दे सकता है।

***तुला :*** आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आपके जीवन-साथी के पारिवारिक सदस्यों की वजह से आपका दिन बेहतर हो सकता है।

***धनु :*** आज ख़ुद को उत्साही बनाए रखने के लिए अपनी कल्पनाओं में कोई ख़ूबसूरत और शानदार तस्वीर बनाएँ। दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है।

***मकर :*** आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। निराशावादी रवैये से बचें क्योंकि यह आपकी संभावनाओं को कम कर देगा। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है।

***मीन :*** जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। कोई चि_ी या ई-मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी ख़बर लाएगी। आपमें से कुछ लोगों को लंबा सफ़र करना पड़ सकता है।

## रतलाम का मशहूर और जायकेदर 'सेव'

जिस किसी ने भी रतलाम (मध्यप्रदेश) के सेव का स्वाद चखा है उसे कोई और सेव अच्छा लग ही नहीं सकता क्योंकि नो डाउट रतलाम के सेव का स्वाद अलग ही होता है। तो आज इसी की रेसिपी जानने वाले हैं।



### सामग्री :

बेसन- 250 ग्राम, तेल- 1/2 कप, पानी- 3/4 कप, हल्दी- चुटकीभर, नींबू का रस- 1 टीस्पून, बेकिंग सोडा- चुटकीभर, नमक- स्वादानुसार, साबुत काली मिर्च- 20, अजवायन- 1/2 टेबलस्पून, सौंफ- 1 टीस्पून, लौंग- 15, काला नमक- 1 टीस्पून, हींग- 1 टीस्पून, अदरक पाउडर- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून

### विधि :

पैन को गर्म होने के लिए रख दें। अच्छे से गर्म हो जाए तब इसमें काली मिर्च, सौंफ, अजवायन, लौंग का हल्का भून लें। इसके बाद हल्का ठंडा कर मिक्सी में इन मसालों का पाउडर बना लें। एक बर्तन में पानी और तेल लेकर अच्छी तरह से ब्लैंडर की मदद से इन्हें मिक्स करें जब तक कि इनका रंग सफेद न हो जाए। इसके बाद इसमें नींबू का रस, 2.5 टीस्पून जो मसाला पिसा है व डालें और सोडा। इन सारी चीज़ों को डालकर एक बार फिर से मिक्स करें। अब धीरे-धीरे इसमें बेसन मिक्स करें। ध्यान रखें एक साथ पूरा नहीं डालना है धीरे-धीरे डालना है। बहुत ज्यादा टाइट भी न हो या न ही बहुत ज्यादा लिक्विड। अब सेव मेकर, मुरूकू मेकर में ये घोल भर लें। कड़ाही में तेल डालकर उसे गर्म होने के लिए रख दें। अब सेव मेकर को चलाते हुए गरमा-गरम तेल में सेव डालते जाएं। एक साथ बहुत ज्यादा सेव न डालें वरना अच्छी तरह से पकेंगे नहीं। मीडियम आंच पर इन्हें भूनें। पेपर नैपकिन पर निकाल लें जिससे एक्स्ट्रा तेल नैपकिन सोख लें। सेव को हाथों से तोड़ लें क्योंकि ये लच्छे के रूप में बनते हैं। हल्का ठंडा होने पर सर्व करें और इन्हें एयर टाइट डिब्बे में बंद कर बाद में भी खाया जा सकता है।


## शब्द सामर्थ्य- 227

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 226 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू- 227

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.226 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |